RAEBARELI POLICE

दिनाँक 17 फरवरी 2026 थाना कोतवाली नगर

चोरी के सोने चांदी के आभूषण (कीमत करीब 07 लाख) व 125000/- रुपये नगद के साथ 01अभियुक्त गिरफ्तार-

घटना का संक्षिप्त विवरण:- अवगत कराना है कि थाना कोतवाली नगर पर वादी शरद श्रीवास्तव पुत्र स्व0 शिवप्रकाश श्रीवास्तव निवासी साकेत नगर थाना कोतवाली नगर रायबरेली द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया कि वह दिनांक 04.02.2026 को सपरिवार अपने साले की शादी में गया था जब वह 06.02.2026 की शाम घर आया तो देखा घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा अलमारी में रखा नकदी व जेवरात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर **मु0अ0सं0 47/26 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात** अभियोग पंजीकृत किया गया था। **पुलिस टीम गठित कर एसओजी/सर्विलांस की मदद से अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे।**

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रायबरेली श्री रवि कुमार महोदय के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली श्री संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर आज दिनांक 17 फरवरी 2026 को थाना स्थानीय पर **पंजीकृत मु0अ0सं0 47/2026 धारा 305 बीएनएस से संबंधित वांछित/प्रकाश में आये अभियुक्त शंकर प्रसाद सोनी पुत्र रामप्रसाद निवासी भरतपुरम पोस्ट रतापुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली** को थाना क्षेत्र हनुमंतपुरम मोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा उपरोक्त में **धारा-331(4)/317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी** कर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

1.शंकर प्रसाद सोनी पुत्र रामप्रसाद निवासी भरतपुरम पोस्ट रतापुर थाना मिलएरिया जनपद रायबरेली।

पूछताछ का विवरण:- पूछताछ के क्रम में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मुझ पर लोगो का काफी कर्जा था। मैं मोहल्लो में घूम-घूमकर फेरी का काम करता हूं मैने फेरी के समय देखा कि साकेत नगर में एक घर का ताला बंद था तो कर्जा चुकाने के लिए मैने उस घर में चोरी करने की योजना बनायी। जिसके फलस्वरुप दिनांक 05.02.26 की रात्रि को मकान का ताला तोडकर घर के अन्दर रखी एक अलमारी से चोरी की थी। मेरे पास से जो नगदी व आभूषण बरामद हुए हैं वह उसी चोरी से संबंधित हैं।

बरामदगी:-

01 चैन पीली धातु
02 जोड़ी टॉप्स पीली धातु
01 अंगूठी पीली धातु
02 बच्चे की हाय पीली धातु
02 नाक की कील पीली धातु
01 जोड़ी टूटे कुंडल पीली धातु
01 जोड़ी सुई धागा पीली धातु
01 जोड़ी धातु पात्र पीली धातु
01 जोड़ी कान की झुमकी पीली धातु

01 करधनी बच्चों की सफेद धातु
01 करधनी बड़ी सफेद धातु
01 जोड़ी पाजेब सफेद धातु
05 जोड़ी पायल सफेद धातु
02 सिक्के सफेद धातु
06 जोड़ी बच्चों के कड़े सफेद धातु
01 जोड़ी बच्चों के कड़े सफेद धातु काले नाग वाले

01 सिंदूर पान सफेद धातु
01 कटोरी सफेद धातु
17 जोड़ी बिछुआ सफेद धातु
02 अंगूठी सफेद धातु
01 अदद मछली सफेद धातु
125000/- रुपये नगद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्र0नि0 श्री शिव शंकर सिंह थाना कोतवाली नगर रायबरेली
2. उ0नि0 अंकुर दुबे थाना कोतवाली नगर रायबरेली।
3. उ0नि0 अतुल मावी थाना कोतवाली नगर रायबरेली।
4. मु0आ0 अमरेश थाना कोतवाली नगर रायबरेली।
5. आ0 सौरभ यादव थाना कोतवाली नगर रायबरेली।
6. आ0 नदीम थाना कोतवाली नगर रायबरेली।
7. आ0 सोनू थाना कोतवाली नगर रायबरेली।
8. आ0 देवेन्द्र थाना कोतवाली नगर रायबरेली।

मीडिया सेल रायबरेली